

लाल ढांग–चिल्लरखाल मोटर मार्ग के पुनरीक्षित आंगणन पर बैठक करते हुए हरक सिंह रावत।



## संक्षिप्त समाचार

### किसानों की समस्याओं को लेकर डीएम कार्यालय में प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश किसान कांग्रेस ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर इस दिशा में कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुए और वहां पर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। सुशील राठी ने कहा कि किसानों की समस्याओं को भाजपा सरकार बढ़ावा दे रही है जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान कांग्रेस आंदोलन करेगी।

### सरकार नीतिगत मामलों में न करे विपक्ष की अनदेखी: इंदिरा

**संवाददाता** देहरादून। नेता प्रतिपक्ष डा. इंदिरा हृदयेश ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार नीतिगत मामलों में भी विपक्ष को भरोसे में नहीं ले रही है और कई बार अवगत कराये जाने के बावजूद भी विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया जा रहा है यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से 30 प्रतिशत की कटौती के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने न तो उनसे किसी भी प्रकार की बातचीत की और न ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से कोई चर्चा की, यह भी चिंताजनक है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि नीतिगत मामलों में विपक्ष की किसी भी प्रकार की अनदेखी न की जाये।

### पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन स्लोगन, निबंध व कला प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता** डोईवाला। शिक्षाविद कमलेश्वर प्रसाद भट्ट ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को उप प्रभागीय वन अधिकारी नरेंद्र नगर व उप वन प्रभाग अधिकारी मुनि की रेती टिहरी गढ़वाल की देखरेख में ऑनलाइन स्लोगन, निबंध, कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 9 व सीनियर वर्ग में 10 से 12 के अलावा सामान्य वर्ग के युवा भी प्रतिभाग कर सकते हैं।

### सेवा सिंह मठारू को कोरोना वॉरियर्स के रूप में किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय पत्रकार यूनियन ने वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी सेवा सिंह मठारू को कोरोना महामारी संकट काल के दौरान समाज हित में किए जा रहे योगदान को देखते हुए कोरोना वॉरियर्स के रूप में सम्मानित किया है। प्रदेश महामंत्री विकास गर्ग ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी सेवा सिंह मठारू के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से युवाओं को लाभान्वित कराएं

**समीक्षा**

सीएम ने की वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा प्रदेश में कोविड–19 की स्थिति की समीक्षा | त्वरित रोजगार और आजीविका के लिए कृषि व संबंधित क्षेत्रों पर फोकस

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा प्रदेश में कोविड–19 की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें त्वरित रोजगार और आजीविका सृजन के लिए खेती, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य को प्राथमिकता देनी होगी। हाल ही में किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, इनका लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए।

स्थानीय मांग का अध्ययन कर लिया जाए और उनकी आपूर्ति स्थानीय संसाधनों से ही पूरा कराए जाने की कोशिश की जाए। स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय लोगों को किस प्रकार रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है, इस पर फोकस किया जाए। यह हर जिलाधिकारी का



लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से युवाओं को लाभान्वित कराएं। किसानों के लिए क्वालिटी इनपुट और मार्केट उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

**टेस्टिंग को और बढ़ाया जाए–मुख्य सचिवः** मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने टेस्टिंग को बढाने और कान्टेक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। किसी भी तरह की आवश्यकता होने पर शासन को तत्काल अवगत कराया जाए।

**कोविड-19 के लिए 686 करोड़ रूपए उपलब्ध कराए जा चुके** सचिव श्री अमित नेगी ने कहा कि कोविड–19 के लिए कुल 686 करोड़ रूपए का बजट उपलब्ध कराया जा चुका है। इसमें एनएचएम को 160 करोङ रूपए, चिकित्सा शिक्षा को 150 करोड़, एसडीआरएफ से स्वास्थ्य को 16 करोड़ रूपए, जिला प्लान में 150 करोड़ रूपए, डीएम फंड में 70 करोड़ रूपए, सीएम राहत कोष से 50 करोड़ रूपए और एसडीआरएफ से जिलाधिकारियों को 90 करोङ रूपए उपलब्ध कराए गए हैं। बजट की कोई कमी नहीं है।

**फसलों का क्लस्टर चिह्नीकरण** सचिव कृषि श्री आर मीनाक्षी सुंदरम ने जिलाधिकारियों को फसलों का क्लस्टर चिह्नीकरण जल्द करने के निर्देश दिये। कृषि और सम्बंधित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजना, राज्य बागवानी मिशन आदि योजनाओं का उपयोग किया जा सकता है।

सभी जिलाधिकारियों ने कोविड–19 के लिए जिलों में की गई व्यवस्थाओं के बारे मे जानकारी दी। वीडियो कांफ्रेंसिग में डीजीपी अनिल कुमार रतूड़ी, सचिव डॉ पंकज कुमार पाण्डे सहित शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने प्रदेशवासियों से की पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की अपील

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून) के अवसर पर प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण में उत्तराखण्डवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश सरकार समृद्ध जैव संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। उत्तराखण्ड अपनी वन सम्पदा और नदियों के कारण पर्यावरण संरक्षण की मुहिम का ध्वज वाहक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी प्रयासों के साथ ही जनता, जन प्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं का पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन चेतना जागृत करने और इसके संवर्द्धन में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के साथ ही नदी और जल स्रोतों की साफ–सफाई के लिए भी पूरा प्रयास जरूरी है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा आम आदमी के जीवन से जुडा विषय है, अतः यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

# 100 वार्डों से नगर निगम हाउस टैक्स वसूलने की तैयारी में!

**चिंता**

■ नगर निगम के आयुक्त का यह निर्णय पूरी तरह से गलत, होगा विरोध: धस्माना

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि 100 वार्डों से नगर निगम हाउस टैक्स वसूलने की तैयारी कर रहा है और इसके लिए 16 कर निरीक्षकों की डयूटी लगा दी गई है जो चिंताजनक है।

कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए धस्माना ने कहा कि नगर निगम के आयुक्त का यह निर्णय पूरी तरह से गलत है इसका क्षेत्रीय जनता को साथ लेकर विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने नगर निगम में ग्रामीण क्षेत्रों के शामिल होने वाले नये वार्डों से 10 वर्ष तक कोई कर न लेने की घोषणा की गई थी आज उसका पालन नहीं किया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर कोविड–19 हॉस्पिटल में ड्यूटी के दौरान संक्रमण की चपेट में आई सुरक्षा गार्ड व स्टाफ नर्स द्वारा इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धसमान से फोन पर शिकायत की।

उपनल से 2018 से दून मैडीकल कालेज में तैनात सुरक्षाकमी मुन्नी खंडूरी व पीआरडी से स्टाफ नर्स कोविड–19 समर्पित दून हॉस्पिटल में शुरू से तैनात हैं। उन्होंने कहा कि दोनों की ड्यूटी बारी–बारी से संक्रमित संदिग्ध व संक्रमित मरीजों के वार्ड में लग रही थी, एक जून को उनका टेस्ट हुआ और आज उनको सुबह यह सूचित करते हुए की उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है उनको भर्ती करके महिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड में रखा गया, जबकि हास्पिटल के अन्य नियमित कर्मचारी जो पॉजिटिव आये हैं उनको दून हॉस्पिटल के प्राइवेट वार्ड में भर्ती किया गया, जबकि उपनल और पीआरडी के कर्मियों को सर्जिकल वार्ड में डाला हुआ है जहां की स्थितियां बहुत खराब है।

### टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने की मांगः प्रीतम सिंह

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय देहरादून में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर उत्तराखण्ड प्रदेश में कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों पर चिन्ता प्रकट करते हुए सरकार से टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अभी तक सुरक्षित प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में भी कोरोना महामारी बडी संख्या में अपने पैर पसार चुकी है। उन्होंने सरकार पर कोरोना संक्रमण के बढते मामलों के प्रति उदासीनता का भी आरोप लगाया।

### लाल ढंग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के पुनरीक्षित आंगणन पर बैठक

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के वन एवं वन्य जीव, पर्यावरण एवं ठोस, अपशिष्ट निवारण, श्रम, सेवायोजन, प्रशिक्षण, आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री डॉ0 हरक सिंह रावत ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में लाल ढांग–चिल्लरखाल मोटर मार्ग के पुनरीक्षित आंगणन विषय पर बैठक लिया। उन्होंने कहा प्रदेश वासियों के हित के लिए इस मार्ग के सुदृढीकरण का कार्य होना अति आवश्यक है। यह कोटद्वार जोड़ने वाला महत्वपूर्ण लिंक मार्ग है। इस सम्बन्ध में उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि लाल ढांग–चिल्लरखाल मोटर मार्ग के निर्माण हेतु व्यवहारिक प्रस्ताव एवं कार्य योजना प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मार्ग में पड़ने वाले पुल की लम्बाई और चौड़ाई का पुनः आंकलन किया जाए। इस सम्बन्ध में भारत सरकार से दिशा–निर्देश लेकर शिथिलीकरण की कार्यवाही किया जाए और कार्य को तुरन्त प्रारम्भ किया जाए।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।